पत्र संख्या–कमिश्नर कैम्प/2021–22/ 32 /वाणिज्य कर

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह चन्देल,
ज्वाइण्ट कमिश्नर एवं
वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी,
वाणिज्य कर मुख्यालय, उ0प्र0।

सेवा में,

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(कमिश्नर कैम्प) लखनऊ :: दिनांक :: 31 मई, 2021

महोदय,

कृपया कमिश्नर महोदया द्वारा निर्देशित किया गया है कि कोविड–19 संक्रमण से जिन विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मृत्यु हुई है, उनके परिजनों के साथ पूरी संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्वक सहयोग किया जाएगा। इस सम्बन्ध में विभाग के मृतक कार्मिकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति एवं उनके समस्त देयकों का नियमानुसार भुगतान संवेदनशीलता के साथ शीघ्रताशीघ्र किया जाना है।

अतः आप सभी को कमिश्नर महोदया के निर्देशानुसार अवगत कराना है कि आपके जोन के अन्तर्गत समस्त मृतक विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति एवं उनके समस्त देयकों के भुगतान के सम्बन्ध में कमिश्नर महोदया की अध्यक्षता में कल दिनांक 01.06.2021 को प्रातः 11:00 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया है, जिसका लिंक ससमय आपको ई–मेल/व्हाट्सअप के माध्यम से प्रेषित कर दिया जाएगा।

कृपया उपरोक्त बैठक में समस्त तैयारी के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय

31/05/21

(राजेश प्रताप सिंह चन्देल)
ज्वाइण्ट कमिश्नर एवं
वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी,
कमिश्नर, वाणिज्य कर, लखनऊ।

D.C. (I.T.) 31/05/2021

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि : 1. एडीशनल कमिश्नर, एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन), एडीशनल कमिश्नर (लेखा) वाणिज्य कर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त बैठक में व्यक्तिगत रूप से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

2. श्रीमती प्रेरणा श्रीवास्तव, डिप्टी कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि विभागीय वेबसाइट के नोटिस बोर्ड पर अपलोड करने एवं उपरोक्त डेस्कटॉप कान्फ्रेंसिंग बैठक हेतु समस्त अधिकारियों को ऑन लाइन माध्यम से जोड़े जाने की व्यवस्था करने हेतु।

ज्वाइण्ट कमिश्नर एवं
वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी,
कमिश्नर, वाणिज्य कर, लखनऊ।